**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 16.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में चौबीस जून को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।**
- **नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने के साथ ही आज से प्रदेश के सभी स्कूल खुले–स्कूलों में मनाया जा रहा है शाला प्रवेश उत्सव।**
- **वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को देखते हुए राज्य सरकार ने आज से पंद्रह अगस्त तक मत्स्याखेट पर लगाया प्रतिबंध।**
- **यूपीएससी ने इस वर्ष की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए।**

**ग्राम सभा**

प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में चौबीस जून को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में "आवास प्लस टू प्वॉइंट ओ" की स्थायी प्रतीक्षा सूची सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण – वीबी जी राम जी के संबंध में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। ग्राम सभा में पिछली बैठकों में पारित प्रस्तावों की समीक्षा, पंचायतों के आय–व्यय का अनुमोदन, विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, और पंचायत संपत्तियों के प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

**स्कूल–शाला प्रवेश उत्सव**

नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने के साथ ही आज से प्रदेष के सभी शासकीय और निजी स्कूल खुल गए हैं। आज से स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव भी मनाया जा रहा है, जो सत्ताईस जून तक चलेगा। शाला प्रवेष उत्सव के दौरान स्कूल पहुंचने वाले नवप्रवेषी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है। वहीं, विद्यार्थियों को निःषुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल का वितरण भी किया जा रहा है।

**राज्यपाल–समर्थ भारत कॉन्क्लेव**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज डॉक्टर सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर और आईसेक्ट इंडिया ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय समर्थ भारत कॉन्क्लेव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे एआई और अन्य नई तकनीकों का उपयोग नवाचार तथा समाज हित के कार्यों में करें। इस मौके पर राज्यपाल ने एआई कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा आम नागरिकों को एआई की उपयोगिता, संभावनाओं और रोजगार के अवसरों की जानकारी देगा।

**नीट/यूजी–पुनर्परीक्षा**

इक्कीस जून को निर्धारित राष्ट्रीय प्रवेश और पात्रता परीक्षा–नीट/यूजी की पुनर्परीक्षा को देखते हुए सरकार ने बाईस जून तक टेलीग्राम ऐप पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा कि यह प्रतिबंध नीट यूजी की पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगा। एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम को तीस तारीख तक पहले से पोस्ट किए गए संदेशों को संपादित करने की सुविधा को भी बंद करने का निर्देश दिया गया है।

**मत्स्याखेट–प्रतिबंध**

वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को देखते हुए राज्य सरकार ने आज से मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध पंद्रह अगस्त तक रहेगा। इस दौरान नदी, नालों और जलाशयों में मछली पकड़ने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। ऐसे छोटे तालाब और जल स्रोत जिनका संपर्क किसी भी नदी–नाले से नहीं है, उन्हें इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। इसके अलावा बड़े जलाशयों में व्यावसायिक रूप से संचालित की जाने वाली केज कल्चर गतिविधियों को भी इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अंतर्गत यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था प्रतिबंधों का उल्लंघन करते पाए जाते हैं, तो उन पर पच्चीस हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

**एनडीए सरकार–बारह वर्ष**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में पत्रकारवार्ता आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हर एक दिन राष्ट्र प्रथम और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। नीति आयोग के आंकड़ों के मुताबिक श्री मोदी के कार्यकाल में लगभग पच्चीस करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले हैं।

वहीं, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मुंगेली में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि मोदी सरकार के बारह वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण की ऐतिहासिक यात्रा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। वहीं, खैरागढ़ जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की बारह वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और भारत की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला।

**यूपीएससी–परिणाम**

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने इस वर्ष की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। आयोग ने बताया है कि एक हजार से अधिक रिक्तियों के लिए तेरह हजार से अधिक उम्मीदवारों का सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए चयन किया गया है। यूपीएससी ने उम्मीदवारों को यह भी बताया है कि उनके अंक, कट ऑफ अंक और उत्तर सूची अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। उम्मीदवार यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट **''यू.पी.एस.सी. डॉट जी.ओ.वी. डॉट इन''** से प्रारंभिक परीक्षा परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं।

**कांग्रेस–बिजली दर विरोध**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बिजली की दरों में की गई बढ़ोत्तरी का प्रदेश कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिजली के दाम में की गई बढ़ोत्तरी और स्मार्ट मीटर वापस लेने कांग्रेस आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कल सत्रह जून को प्रदेश के सभी जिलो में बिजली दफ्तर का घेराव किया जाएगा। वहीं, अट्ठारह जून को कांग्रेस सभी जिलों में पत्रकारवार्ता आयोजित कर बिजली के दाम में हाल ही में की गई बढ़ोत्तरी का विरोध करेगी।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल में प्रति यूनिट तीस से पचास पैसे और गैर घरेलू बिजली दरों में बीस से चालीस पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की है।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

आगामी इक्कीस जून को मनाए जाने वाले बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंत्रालय में बैठक ली। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सरगुजा जिले में आयोजित होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुरूप राज्य के सभी जिलों में इक्कीस जून को योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वहीं, राज्य की प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रमुख स्थलों पर अनिवार्य रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी जिला अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं। इस वर्ष योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" निर्धारित की गई है।

**दुर्ग–क्रिकेट स्टेडियम**

दुर्ग जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गई है। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और कलेक्टर तथा क्रीड़ांगन समिति के अध्यक्ष अभिजीत सिंह की उपस्थिति में आयोजित जिला क्रीड़ांगन समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में तय प्रस्ताव के मुताबिक, वर्तमान परिसर में बने बैडमिंटन कोर्ट की जमीन को छोड़कर बाकी की पूरी भूमि छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के माध्यम से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सौंपी जाएगी। इसके लिए भूमि को तैंतीस वर्ष की अवधि की लीज पर देने का प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए राज्य शासन को भेजा जा रहा है।

**रविशंकर शुक्ल विवि–प्रवेश प्रक्रिया**

पंडित रविषंकर शुक्ल विष्वविद्यालय से संबद्ध सभी शासकीय और अषासकीय कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेष की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। प्रवेष प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। विद्यार्थियों को पंडित रविषंकर शुक्ल विष्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा। पहली मेरिट लिस्ट सत्ताईस जून को, दूसरी मेरिट लिस्ट ग्यारह जुलाई को और तीसरी मेरिट लिस्ट सत्रह जुलाई को जारी होगी।

**एसीबी–कार्रवाई**

सक्ती जिले में एसीबी बिलासपुर की टीम ने रिष्वत लेते सक्ती जनपद पंचायत के सीईओ निखिल कष्यप, लिपिक अविनाष ठाकुर और भृत्य लच्छन भानु को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर एक लाख रुपये रिष्वत लेने का आरोप है। बताया गया कि प्रधानमंत्री आदर्ष ग्राम योजना के तहत लिमतरा पंचायत के निर्माण कार्यों का चेक जारी करने के एवज में रिष्वत मांगी गई थी। एसीबी ने तीनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

**रेलवे–स्पीड ट्रायल**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में कल सुबह दस बजे अभनपुर से कुरुद के बीच नई ब्रॉड गेज लाइन का स्पीड ट्रायल किया जाएगा। स्पीड ट्रायल के दौरान रेलवे ने आम लोगों से रेलवे लाइन से दूर रहने और अपने मवेशियों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने को कहा है।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर तेज हवा चलने और हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

**संक्षिप्त समाचार**

– केन्द्र सरकार ने औषधि नियम में संशोधन अधिसूचित किया है। इसमें छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापस ले ली गई है। अब छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से ही किया जाएगा।

– प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आज कांकेर में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि लोन महोत्सव मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में पथ और फुटकर विक्रेताओं ने अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए ऋण संबंधी आवेदन जमा किए।

– बस्तर क्षेत्र में सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर लोक निर्माण विभाग ने दो ठेकेदारों का पंजीयन दो वर्षों के लिए निरस्त कर दिया है, जबकि आठ ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

– कबीरधाम जिले में पैंतीस ग्रामीण महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में तकनीकी प्रषिक्षण दिया गया है। अब ये महिलाएं गांवों में सौर उपकरणों की स्थापना, संचालन और मरम्मत करेंगी।

– सुकमा जिले में रेत खदानों का आबंटन अब ई–नीलामी से किया जाएगा। शबरी नदी स्थित चार हेक्टेयर क्षेत्र की खदान के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया एमएसटीसी पोर्टल पर होगी। आवेदन सत्रह जून से शुरू होकर तेईस जून तक लिए जाएंगे।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोंडागांव द्वारा उन्नीस जून को कलेक्टोरेट परिसर में सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>